भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †4005
सोमवार, 28 मार्च, 2022/7 चैत्र, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आबंटित निधि**

**†4005. श्री बी.बी. पाटीलः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सुधार लाने के लिए कोई योजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य-वार और वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ग): जी हां महोदय, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी करने के लिए देश में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को पहचानते हुए ग्रामीण परिपथ को थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में चिह्नित किया है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा देश में स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया हैं:

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/ स्वीकृति का वर्ष** | **विवरण** | **स्वीकृत राशि** | **जारी की गई राशि** |
|---|---|---|---|
| बिहार 2017-18 | गांधी परिपथः भितिहरवा - चंद्रहिया - तुर्कौलिया का विकास | 44.65 | 35.72 |
| केरल 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 80.37 | 23.77 |

उपरोक्त के अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक पहल भी तैयार की है। रणनीति दस्तावेज निम्नलिखित प्रमुख स्तंभों पर केंद्रित है:-

i. ग्रामीण पर्यटन के लिए आदर्श नीतियां और सर्वोत्तम प्रथाएं
ii. ग्रामीण पर्यटन के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियां और मंच
iii. ग्रामीण पर्यटन के लिए क्लस्टर्स का विकास
iv. ग्रामीण पर्यटन के लिए विपणन सहायता
v. हितधारकों की क्षमता निर्माण
vi. शासन और संस्थागत ढांचा

*******